पाठ 12. पौधारोपण (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ में दिए गए चित्र में वृक्षारोपण का दृश्य है। अध्यापिका जी के मार्गदर्शन में बच्चे पौधे लगाने, उन्हें सींचने, आदि क्रियाकलाप कर रहे हैं। इस चित्र का वर्णन करने और आपसी बातचीत करने के क्रम में बच्चों को अपने जीवन में अनुभवों का सकारात्मक मूल्यांकन करने की क्षमता विकसित करने का अवसर मिलेगा।

अध्यापन संकेत

यह चित्र-वर्णन से संबंधित मौखिक पाठ है। इसमें पौधारोपण का दृश्य है। इस चित्र के बारे में विस्तृत चर्चा करें। पेड़ों की कटाई से होने वाले नुकसान, पौधारोपण के लाभ व उसकी आवश्यकता, आदि बिंदुओं पर ज़ोर दिया जा सकता है। बच्चों को अपने घरों के आसपास कम-से-कम एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। पेड़-पौधे हमें क्या-क्या देते हैं, इस पर भी प्रश्न पूछे जा सकते हैं।